Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 1| व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य

QUIZ PART-04

1. **परिवहन और संप्रेषण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. बैंक से ऋण प्राप्त करना
   B. सुरक्षा प्रदान करना
   C. वस्तुओं को उत्पादन स्थान से उपभोग स्थान तक पहुँचाना
   D. पैकिंग करना (C)

*व्याख्या :* परिवहन वस्तुओं को उत्पादन स्थलों से उपभोग स्थलों तक पहुँचाने में सहायक होता है।

2. **व्यापारी को आवश्यक धनराशि कौन उपलब्ध कराता है?**
   A. बीमा
   B. बैंकिंग
   C. भंडारण
   D. परिवहन (B)

*व्याख्या :* बैंक व्यवसाय को आवश्यक धनराशि प्रदान करते हैं और वित्तीय समस्याओं का समाधान करते हैं।

3. **बीमा का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. वस्तुओं की पैकिंग
   B. माल को बाजार तक पहुँचाना
   C. जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करना
   D. कम कीमत पर वस्तुएँ उपलब्ध कराना (C)

*व्याख्या :* बीमा आग, चोरी, दुर्घटना आदि जोखिमों से व्यवसाय की सुरक्षा करता है।

4. **भंडारण की आवश्यकता क्यों होती है?**
   A. वस्तुओं का निर्यात करने के लिए
   B. वस्तुओं को क्षति से बचाने के लिए
   C. बाजार मूल्य बढ़ाने के लिए
   D. वस्तुओं की पैकिंग कराने के लिए (B)

*व्याख्या :* भंडारण से वस्तुओं को सुरक्षित और सही तरीके से रखने की सुविधा मिलती है।

5. **बीमा किन वस्तुओं को सुरक्षा प्रदान करता है?**
   A. केवल मशीनरी
   B. केवल भवन
   C. केवल वाहन
   D. भवन, मशीन, फर्नीचर, माल आदि (D)

*व्याख्या :* बीमा कारखाने की इमारत, मशीन, फर्नीचर, माल आदि सभी को जोखिमों से सुरक्षा देता है।

6. **व्यवसाय में क्रेडिट समस्या का समाधान कौन करता है?**
   A. संप्रेषण
   B. परिवहन
   C. बैंक
   D. बीमा (C)

*व्याख्या :* बैंक आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर क्रेडिट समस्या को हल करते हैं।

7. **माल की सुरक्षा हेतु विशेष संग्रहण कहाँ किया जाता है?**
   A. बैंक में
   B. भंडारण में
   C. परिवहन में
   D. बीमा कार्यालय में (B)

*व्याख्या :* वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए भंडारण की विशेष व्यवस्था की जाती है।

8. **वाणिज्य का सहायक कौन-सा है?**
   A. उत्पादन
   B. उपभोग
   C. परिवहन
   D. मूल्य निर्धारण (C)

*व्याख्या :* परिवहन वाणिज्य की सहायक क्रिया है जो वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने में मदद करती है।

9. **व्यवसाय में वस्तुओं के खोने या क्षतिग्रस्त होने के जोखिम से सुरक्षा कौन देता है?**
   A. बैंक
   B. संचार
   C. बीमा
   D. भंडारण (C)

*व्याख्या :* बीमा वस्तुओं को आग, चोरी या अन्य कारणों से होने वाली हानि से सुरक्षा देता है।

10. **चाय असम में, रुई गुजरात में, लेकिन इनकी आवश्यकता पूरे देश में होती है—यह किस सहायक क्रिया की आवश्यकता दर्शाता है?**
    A. बीमा B. भंडारण
    C. बैंकिंग D. परिवहन (D)

*व्याख्या :* ऐसे उत्पादों को उत्पादन स्थल से उपभोग स्थलों तक ले जाने के लिए परिवहन आवश्यक है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App